Title: Need to link all district headquarters in Bihar through Doordarshan- Laid.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार के काफी इलाकों में अभी भी टेलीविजन की सुविधा लोगों को ठीक से नहीं मिल पाती है क्योंकि टी.वी. टॉवर सभी जिला मुख्यालयों पर उपलब्ध नहीं हैं। टी.वी. संचार का एक सशक्त माध्यम है। अतः यह आवश्यक है कि प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर टी.वी. टॉवर की स्थापना करायी जाये, जिससे इसका लाभ सभी लोगों को मिल सके।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाकर शीघ्र ही बिहार के सभी जिला मुख्यालयों में टी.वी. टॉवर स्थापित कराने का आग्रह करता हूं।